भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1483

28 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

हथियारों का आयात

1483. श्री अशोक कुमार रावत:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पाकिस्तान और चीन भारत की तुलना में अधिक हथियारों का आयात करते हैं;

(ख) क्या सरकार ने अब तक इसकी कोई समीक्षा की है और उसके प्रभावों की समीक्षा करने का विचार है ताकि भारत अपनी रक्षा तैयारियों के संबंध में उचित कार्रवाई कर सके; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (ग) : पाकिस्तान और चीन भारत की तुलना में अधिक हथियारों का आयात करते हैं अथवा नहीं, इस बारे में कोई आधिकारिक सूचना उपलब्ध नहीं है क्योंकि ये देश अपने रक्षा उपस्करों के आयात से संबंधित सूचना प्रकट नहीं करते हैं ।

भारतीय सैन्य बलों के आधुनिकीकरण के लिए रक्षा उपकरणों की खरीद, सुरक्षा चुनौतियों के संपूर्ण परिदृश्य का सामना करने हेतु भारतीय सैन्य बलों को रक्षा की तैयारी की स्थिति में रखने के लिए उनकी संक्रियात्मक आवश्यकताओं और नियत आवश्यकताओं के आधार पर की जाती है ।